भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5486 का उत्तर

वर्ष 2025-26 में बिहार के लिए रेल परियोजनाएं

5486. श्री गिरिधारी यादव:
श्री रामप्रीत मंडल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले वर्ष के बजट 2025-26 में बिहार से संबंधित रेल परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित बिहार में रेल परियोजनाओं से संबंधित सभी कार्यों के लिए सरकार द्वारा अब तक जारी की गई धनराशि का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): पिछले 11 वर्षों के दौरान भारतीय रेल द्वारा रेल नेटवर्क की क्षमता संवर्धन कार्य बड़े पैमाने पर किए गए हैं।

तदनुसार, बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:

अवधि	परिव्यय
2009-14	1,132 करोड़ रुपए प्रति वर्ष
2025-26	10,066 करोड़ रुपए (लगभग 9 गुना)

रेलपथ निर्माण:

वर्ष 2009-14 और 2014-25 के दौरान बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ को कमीशन करने/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:-

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	318 कि.मी.	63.6 कि.मी./वर्ष
2014-25	1,899 कि.मी.	172.6 कि.मी./वर्ष (2.5 गुना से अधिक)

स्वीकृत की गई परियोजनाएं:

01.04.2025 तक की स्थिति के अनुसार, बिहार में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 4,663 किलोमीटर लंबाई की 86,107 करोड़ रूपए लागत वाली 52 परियोजनाएं (31 नई लाइनें 01 आमान परिवर्तन और 20 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 1,014 किलोमीटर लंबाई को चालू किया गया और मार्च '2025 तक 29,353 करोड़ रूपए का व्यय किया गया है। सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	स्वीकृत की गई परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण (कि.मी. में)	मार्च 2025 तक चालू की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च 2025 तक कुल व्यय (रु. में)
नई लाइन	31	2,691	516	16,814
आमान परिवर्तन	1	69	52	544
दोहरीकरण/बहुपथन	20	1,904	446	11,995
कुल	52	4,663	1,014	29,353

हाल ही में पूरी हुई परियोजनाएं:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली हाल ही में कुछ पूरी की गई परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	परियोजना	लंबाई (कि.मी. में)	लागत (करोड़ रुपए में)
1	पटना रेल एवं सड़क पुल	28	3,210
2	मुंगेर रेल एवं सड़क पुल	15	3,040
3	कोसी पुल	22	863

4	दनियावाँ-बिहारशरीफ नई लाइन	38	354
5	चाँदन-बांका नई लाइन	40	496
6	रामपुरहाट-मन्दारहिल नई लाइन	130	908
7	महाराजगंज-मशरख नई लाइन	35	412
8	राजगीर-तिलैया और नटेसर-इस्लामपुर नई लाइन	67	726
9	मानसी-सहरसा-पूर्णिया आमान परिवर्तन	140	752
10	जयनगर-नरकटियागंज आमान परिवर्तन	260	967
11	कप्तानगंज-छपरा आमान परिवर्तन	234	819
12	सकरी-निर्मली और सहरसा-फारबिसगंज आमान परिवर्तन	206	2,113
13	मानसी-सहरसा, सहरसा-पूर्णिया और बनमनखी-बिहारीगंज आमान परिवर्तन	169	752
14	साहिबगंज-पीरपैंती दोहरीकरण	23	129
15	महेशखुँट-थानाबिहपुर दोहरीकरण	32	115
16	हाजीपुर-रामदयालु नगर दोहरीकरण	48	367
17	पीरपैंती-भागलपुर दोहरीकरण	51	493
18	बख्तियारपुर-बाढ़ दोहरीकरण	19	237
19	किऊल-गया दोहरीकरण	124	2,462
20	हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण	72	930
21	दरभंगा बाईपास	9	253
22	अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई लाइन	110	2,132
23	सरायगढ़ बाईपास लाइन	5	79
24	छपरा-छपरा कचहरी तीसरी लाइन	3	33

चल रही परियोजनाएं:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जो शुरू की गई हैं, निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	परियोजना	लंबाई (कि.मी. में)	लागत (करोड़ रु. में)
1	सकरी-हसनपुर नई लाइन	76	735
2	खगड़िया-कुशेश्वरस्थान नई लाइन	42	1,511
3	फतुहा-इस्लामपुर नई लाइन	167	2,882
4	कोडरमा-तिलैया नई लाइन	65	1,980
5	हाजीपुर-सगौली नई लाइन	151	2,702

6	अररिया-सुपौल नई लाइन	96	1,925
7	कुर्सेला-बिहारीगंज नई लाइन	58	194
8	विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन	26	2,171
9	झाझा-भाटिया नई लाइन	20	588
10	पीरपैंती-जसीडीह नई लाइन	97	2,611
11	छितौनी-तमकुही रोड नई लाइन	59	1,731
12	जलालगढ़-किशनगंज नई लाइन	51	360
13	जोगबनी-बिराटनगर (नेपाल) नई लाइन	19	402
14	दरभंगा-कुशेश्वरस्थान नई लाइन	70	367
15	मोतिहारी-सीतामढ़ी नई लाइन	77	1,007
16	सीतामढ़ी-निर्मली नई लाइन	189	2,833
17	नवादा-लक्ष्मीपुर नई लाइन	137	3,121
18	आरा-भभुआ रोड नई लाइन	150	2,397
19	गया-डालटनगंज नई लाइन	137	2,861
20	मुजफ्फरपुर-दरभंगा नई लाइन	69	282
21	मुजफ्फरपुर-जनकपुर रोड नई लाइन	67	228
22	देहरी ऑनसोन-बंजारी नई लाइन	35	111
23	छपरा-मुजफ्फरपुर नई लाइन	78	1,894
24	बिहटा-औरंगाबाद नई लाइन	120	2,995
25	गया-चात्रा और गया-नटेसर नई लाइन	135	4,543
26	बांका-बाराहाट और बांका-भिटिया रोड सहित देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन	154	665
27	सुल्तानगंज-कटोरिया नई लाइन	77	291
28	बरियारपुर-मननपुर नई लाइन	68	251
29	हथुआ-भटनी नई लाइन	80	318
30	औरंगाबाद टर्मिनल-अनुग्रह नारायण रोड नई लाइन	13	441
31	नवादा-पावापुरी नई लाइन	25	492
32	जयनगर-बिजलपुरा आमान परिवर्तन	69	790
33	धनबाद-सोननगर तीसरी लाइन	291	7,906
34	समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण	38	826

35	रामपुर डुमरा-ताल-राजेंद्र पुल-अतिरिक्त पुल और दोहरीकरण	14	2,535
36	सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण	110	1,456
37	मानपुर के लिए गया बाइपास	2	30
38	मुजफ्फरपुर-सुगौली दोहरीकरण	101	1,586
39	बरौनी-बछवारा तीसरी और चौथी लाइन	32	486
40	सोननगर बाइपास (चिरलापोथु से बाघा बिशुनपुर तक)	10	224
41	नरकटियागंज-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर दोहरीकरण	256	4,080
42	छपरा-बलिया पैच दोहरीकरण	65	1,046
43	गोरखपुर-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण	96	1,121
44	कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण	65	943
45	भदौरा स्टेशन और कर्मा स्टेशन सतह त्रिभुज लाइन	11	200
46	जीसी को आरा-सासाराम लाइन से जोड़ने वाले सासाराम में आरओआर	9	470
47	जगजीवन हॉल्ट से मौजूदा आरा-सासाराम लाइन को लिंक केबिन (आरा में वाई-कनेक्टिविटी) के माध्यम से जोड़ने के लिए आरा बाईपास लाइन	3	119
48	सोन नगर-अण्डाल बहुपथन	749	12,334
49	नबीनगर (अंकोरा) में बल्ब लाइन	17	612
50	पुनारख-बाढ़-बख्तियारपुर नई चौथी लाइन और शेष तीसरी लाइन	28	422
51	संजयग्राम से धचना बायपास लाइन	2	34
52	आलुआबारी रोड-ठाकुरगंज दोहरीकरण	20	327
53	आलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन	57	1,630
54	भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन	53	1,156
55	भागलपुर-दुमका-रामपुर का दोहरीकरण	177	3,169
56	बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया दोहरीकरण	104	2,192
57	बख्तियारपुर-फतुहा तीसरी और चौथी लाइन	24	931
58	पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन	50	2,668

रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार ब्यौरा भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

रेल परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें निम्नानुसार शामिल हैं:

- **राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण**
- **वन संबंधी मंजूरी**
- **अतिलंघी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण**
- **विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां**
- **क्षेत्र की भू-वैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियां**
- **परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति**
- **परियोजना विशेष के स्थल के लिए किसी वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि**

ये सभी कारक परियोजना/ओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

****